Chapter - 3

पेजमेकर 7.0 के पैलेट्स



पेजमेकर 7.0 में पैलेट्स क्या हैं?

पेजमेकर मे आपके कार्य को अच्छी तरह से करने मे सहायता पहुंचाने के लिये कई पैलेट उपलब्ध होते है इनमे से प्रमुख पैलेटो के नाम निम्नलिखित है

- टूल बॉक्स (Tool box)
- कंट्रोल पैलेट (Control Palette)
- कलर (Color Palette)
- स्टाइल (Styles Palette)
- लेयर (Layers Palette)
- मास्टर पेजेज (Master Pages Palette)

आप आवश्यकता होने पर इनमे से किसी भी पैलेट को अपनी स्क्रीन पर खोल सकते है और आवश्यकता न होने पर बंद कर सकते है किसी पैलेट को खोलने या बंद करने के लिए मेन्यू बार मे Window मेन्यू को क्लिक कीजिए, जो पैलेट उस समय खुले होते है उनके नाम इस मेन्यू मे Hide शब्द के साथ दिखाई देते है और जो पैलेट बंद होते है, उनके नाम उस मेन्यू मे Show शब्द के साथ दिखाई देते है। आप शार्टकट ओदेश देकर किसी पैलेट को खोल या बंद कर सकते है। किसी पैलेट को बंद करने के लिए आप उसके दाएं ऊपरी कोने पर बने X बटन को भी क्लिक कर सकते है।

Palettes of PageMaker 7.0 (पेजमेकर 7.0 के पैलेट्स)

कंट्रोल पैलेट (Control Palette)

जैसा कि इसके नाम से स्पष्ट है, यह पैलेट किसी वस्तु को नियंत्रित करने अर्थात मनचाहे रूप और आकार मे बदलने और सुधारने की सुविधा प्रदान करता है जैसे ही किसी वस्तु या टैक्स्ट को चुनते है, कंट्रोल पैलेट का

रूप उसी के अनुसार बदल जाता है और उसमे उस वस्तु से संबंधित अनेक पैरामीटर जैसे फाॅण्ट, आकार, मोटाई, स्थिति, घूमने का कोण आदि दिखाई पडते है।



यदि आप इनमे से किसी पैरामीटर को बदलना चाहते है तो कंट्रोल पैलेट मे उस पैरामीटर के बॉक्स मे कर्सर ले जाइए और उसमे पैरामीटर का उचित मान सेट कीजिए अथवा कंट्रोल पैलेट मे बने छोटे छोटे बॉक्सों मे से उचित बॉक्स को क्लिक कीजिए। अपनी सेटिंग का प्रभाव तत्काल ही आप संबंधित वस्तु पर देख सकते है।

स्टाइल पैलेट (Style Palette)

इस पैलेट का उपयोग टैक्स्ट टूल के साथ किसी पैराग्राफ के ऊपर कोई स्टाइल लागू करने अथवा लागू स्टाइल का नाम देखने के लिए किया जाता है । आप Window Menu मे Show Styles आदेश देकर अथवा कंट्रोल के साथ B (Ctrl + B) Button दबाकर उसे देख सकते है।

स्टाइलो से संबंधित विशेष कार्य इसके पैलेट मेन्यू मे उपलब्ध है जिसे आप इसके दाएं कोने के निकट बने तीर के बटन को क्लिक करके खोल सकते है। इसमे किसी स्टाइल को डुप्लीकेट करने, सुधारने आदि की क्रियाए उपलब्ध है आप अपनी नई स्टाइल भी बना सकते है। और उन्हे किसी भी पैराग्राफ पर लागू कर सकते है।



मास्टर पेज पैलेट (Master Pages Palette)

इस पैलेट का उपयोग मास्टर पेज बनाने और प्रकाशन के किसी पृष्ठ पर उसे लागू करने के लिए किया जाता है। आप Window Menu मे Show Master Pages आदेश देकर अथवा कंट्रोल तथा शिफ्ट के साथ 8 (Ctrl + Shift + 8) button दबाकर उसे देख सकते है।

मास्टर पेजो के संबंध मे विशेष क्रियाये इसके पैलेट मेन्यू मे उपलब्ध है, जिसे इसके दांए कोने पर बने तीर के बटन को क्लिक करके देखा जा सकता है।